## एक नजर में

### ढाबे की चाय को लेकर विवाद, युवक का सिर खंभे से टकराया

इंदौर. देहात क्षेत्र के सिमरोल थाना अंतर्गत बाईग्राम में ढाबे की चाय को लेकर हुए मामूली विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया. विवाद के दौरान एक युवक को खंभे से सिर टकराकर गंभीर चोट आई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बहन से भी आरोपी ने धक्का-मुक्की की. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना में घायल युवक की पहचान शुभम पिता मारुति पुराणे निवासी बाईग्राम के रूप में हुई है. शुभम ने सिमरोल पुलिस को बताया कि वह एक पंचर की दुकान के पास खड़ा था, तभी गांव का ही युवक राहुल पिता माधव वहां पहुंचा और ढाबे की चाय देने की बात को लेकर उससे गाली-गलौच करने लगा. विरोध करने पर राहुल ने उसे धक्का मारा, जिससे उसका सिर पास के खंभे से जा टकराया और खून निकलने लगा. शुभम ने बताया कि सिर में चोट लगने के बावजूद आरोपी ने उसे जमीन पर गिराकर लात-घूंसे मारे. तभी उसकी बड़ी बहन कविता वहां पहुंची और बीच-बचाव करने की कोशिश की तो राहुल ने उसके साथ भी झूमाझटकी कर दी. जाते-जाते आरोपी ने शुभम को धमकी दी कि बहुत तेज़ी दिखाता है, अगली बार देखा तो जान से खत्म कर दूंगा, मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि फरियादी शुभम की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. मेडिकल जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### छात्रा को स्कूल जाते समय उठाने की कोशिश

इंदौर. सिमरोल क्षेत्र में स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा के साथ दिनदहाड़े छेड़छाड़ और अपहरण का प्रयास हुआ. बाइक सवार आरोपी ने छात्रा का रास्ता रोककर पहले उसे बहलाने की कोशिश की, फिर जबरदस्ती हाथ पकड़कर बाइक पर बैठाने लगा. छात्रा ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया तो राहगीर और परिजन मौके पर पहुंच गए, जिसे देख आरोपी बाइक से भाग निकला. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. घटना ग्राम जोशी गुराड़िया की बताई जा रही है. 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा सुबह करीब साढ़े 9 बजे स्कूल जा रही थी, तभी आरोपी जीवन पिता लक्ष्मण निवासी बेटमा बाइक से आया और रास्ता रोककर छात्रा को जबरन अपने साथ चलने के लिए दबाव डालने लगा. जब छात्रा ने मना किया तो आरोपी ने हाथ पकड़कर उसे बाइक पर बैठाने की कोशिश की. छात्रा के शोर मचाने पर राहगीरों के साथ ही पीछे से आ रहे उसके अंकल का बेटा भी मौके पर पहुंच गया. अचानक भीड़ जुटती देख आरोपी वहां से भाग गया. पीड़िता ने सिमरोल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी जीवन के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी और अपहरण के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. फिलहाल पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है.

### स्कूल में आग लगाने की धमकी, चौकीदार से मारपीट

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में आग लगाने की धमकी देकर चौकीदार के साथ मारपीट करने वाले चार युवकों पर पुलिस ने करीब 20 दिन बाद प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों पर स्कूल के नामपट्ट को नुकसान पहुंचाने और चौकीदार को धमकाने के गंभीर आरोप हैं. घटना सुंदर नगर एक्सटेंशन, सुखलिया स्थित श्रीहरि पब्लिक स्कूल की है. 67 वर्षीय फरियादी जगदीश चौकसे की शिकायत पर आरोपियों सुनील पिता ओमप्रकाश चौकसे, मनोज पिता लक्ष्मीनारायण, सुधांशु पटेल और अनिरुद्ध चौकसे निवासी सुखलिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. जगदीश चौकसे ने बताया कि 5 जुलाई को आरोपी स्कूल परिसर में घुसे और पहले गाली-गलौज कर धमकी दी कि बहुत कोर्ट-कचहरी कर रहे हो, किसी दिन स्कूल में आग लगा देंगे. इसके बाद 14 जुलाई की रात 11:45 बजे चारों आरोपी दोबारा स्कूल पहुंचे और संस्था का बोर्ड तोड़ने के साथ ही चौकीदार से मारपीट की. फरियादी का यह भी कहना है कि आरोपी पहले से ही लगातार उन्हें धमकाते आ रहे हैं. पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### कावड़ यात्रा में चलित रामायण अखंड पाठ



देपालपुर. श्री बाल हनुमान घाट वाले बाबा मंडल द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र चलित अखंड रामायण पाठ था. रथ में श्री राम दरबार विराजमान थे. भक्तों द्वारा श्री रामचरित मानस का अनवरत पाठन होगा. यात्रा से पूरे नगर का वातावरण शिवमय हो गया और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा. यात्रा का नगर के प्रमुख चौराहों पर स्वागत् हुआ. बस स्टैंड बालाजी मंदिर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में विजयस्तंभ चौक पर चेतन यादव, मनीष यादव, बँटी जाट, हरि सिन्दूरिया, चित्रांश यादव, अर्जुन गूछिया, विश्वजीत यादव, आदर्श यादव, सिद्धांत वर्मा ने स्वागत किया.

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ




देपालपुर. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा देपालपुर विकासखंड के पांच सेक्टर देपालपुर, गौतमपुरा, आगरा, रंगवासा, बेटमा से प्रारंभ हुई. यात्रा विकासखंड के 25 ग्रामों तथा 3 नगर पंचायत में आयोजित की जा रही है। इसमें महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ने के लिए 11 बीज रोपित थैलियां महिलाओं को दी जा रही है, जिनको वह 1 वर्ष तक अपने घर पर रखकर पौधे को बड़ा करने का काम करेगी. इसको जन अभियान परिषद में नवांकुर सखी नाम दिया है. यह यात्रा 24 से 28 जुलाई तक संपूर्ण प्रदेश में आयोजित हो रही है. सुरेशचंद्र यादव विकासखंड समन्वय देपालपुर ने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मप्र जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव ने आज परिषद के नवाचारी कार्यक्रम नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा के पोस्टर का समत्व भवन में विमोचन करते हुए इस प्रदेश व्यापी अभियान में सम्मिलित नवांकुर सखियों को शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण में उनकी सतत और सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की है. इस आयोजन के अंतर्गत प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध?यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी. विकासखण्ड देपालपुर में लिम्बोदापार, सिकेन्द्री, दतोदा, चटवाडा, अजन्दा,गोकुलपुर में यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की ओर ग्राम कलश यात्रा और पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सरपंच हरिराम चौहान लिम्बोदापार, समाजसेवी केदार पटेल,प्रस्फुटन समिति गोकुलपुर के अध्यक्ष विजय चौधरी, सचिव अजय जाट,रामगोपाल चौधरी ,कपिल चौधरी एवं समस्त नवांकुर, मेंटर उपस्थित रहे.

### महिला को अश्लील मैसेज भेजे, किया बदनाम

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला को बदनाम करने, अश्लील संदेश भेजने और चरित्र पर सार्वजनिक रूप से लांछन लगाने का मामला सामने आया है. पीड़िता के मुताबिक आरोपी पिछले दो वर्षों से लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था. आखिरकार महिला ने साहस जुटाकर पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज. 29 वर्षीय पीड़िता सुंदर नगर निवासी प्रभाकर पिता वीरेंद्र शर्मा के खिलाफ शिकायत लेकर थाने पहुंची थी. महिला ने बताया कि आरोपी उसके मोबाइल नंबर पर बार-बार कॉल कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता था और अश्लील मैसेज भेजता था. जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके पति को जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता का आरोप है कि आरोपी न सिर्फ उसे निजी तौर पर परेशान करता था, बल्कि जान-पहचान के लोगों को भी उसके चरित्र को लेकर अपशब्द बोलकर उसकी छवि खराब करने की कोशिश करता था.

# विवाहित महिला के घर पकड़ा गया उपनिरीक्षक

- वर्दी की मर्यादा को किया तार-तार
- वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने किया निलंबित





**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** वर्दीधारी होकर भी आचरण जब शर्मनाक हो जाए, तो उसका असर सिर्फ विभाग पर नहीं, समाज की नज़र में पूरी व्यवस्था पर पड़ता है. खजराना थाना क्षेत्र में पदस्थ उपनिरीक्षक सुरेश बुनकर ने ऐसा ही आचरण किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि उन्हें न केवल निलंबित कर दिया गया, बल्कि सार्वजनिक तौर पर जलील भी होना पड़ा.

गुरुवार सुबह वह एक विवाहित महिला के घर आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए और क्षेत्रीय लोगों की भीड़ ने उन्हें जमकर पीट दिया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया. घटना गुरुवार सुबह करीब 6 बजे की है. खजराना क्षेत्र के एक मोहल्ले में जब स्थानीय लोगों ने देखा कि उपनिरीक्षक सुरेश बुनकर एक विवाहित महिला के घर में संदिग्ध अवस्था में मौजूद हैं, तो मोहल्ले के लोग, खासकर महिला के परिजन उग्र हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बुनकर नशे की हालत में था. गुस्साए लोगों ने उसे खींचकर बाहर निकाला, बिजली के पोल से बांधने की कोशिश की और जमकर लात-घूंसे व डंडों से पीटा. इसी दौरान उसकी वर्दी भी फाड़ दी गई. घटना के वीडियो में बुनकर लडखड़ाते हुए गालियां देता नजर आ रहा है और खुद को पुलिस वाला बताते हुए भीड़ से बचने की कोशिश करता दिखता है. मौके पर मौजूद महिलाएं और पुरुष, दोनों ने उस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लंबे समय से उस महिला के घर आना-जाना कर रहा था, जिससे महिला के वैवाहिक जीवन में विवाद खड़ा हो गया है. सूचना मिलने पर खजराना थाना पुलिस और कंट्रोल रूम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद उपनिरीक्षक को भीड़ से छुड़ाया, बाद में उसे थाने लाया गया. वरिष्ठ अफसरों को जैसे ही वीडियो की जानकारी लगी, तत्काल उप पुलिस अधीक्षक स्तर से कार्रवाई करते हुए बुनकर को निलंबित कर दिया. मामले में एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने एक बयान में कहा गया है कि, यह आचरण सेवा शर्तों और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है.

**क्या था महिला से रिश्ता?**

सूत्रों के अनुसार, महिला अपने पति से विवाद में थी और हाल ही में उसके पति ने यह आरोप लगाया था कि बुनकर उनकी पत्नी से अनधिकृत रूप से संपर्क कर रहा है. वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हम पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहे हैं. यदि महिला पक्ष से या आरोपी के खिलाफ किसी भी प्रकार की शिकायत मिलती है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

उपनिरीक्षक सुरेश बुनकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और विभागीय जांच शुरू की जा चुकी है.

# 24 घंटे में हत्या की गुत्थी सुलझी

- पुलिस ने पकड़े दोनों आरोपी, खटकेदार चाकू बरामद
- एमवाय में इलाज के दौरान युवक की मौत





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** चंदन नगर थाना क्षेत्र में युवक पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतारने वाले दोनों हमलावरों को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है. इनमें एक नाबालिग भी शामिल है. आरोपियों के कब्जे से हत्या में उपयोग किया गया खटकेदार चाकू भी बरामद कर लिया है,पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. घटना 23 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे की है, मारुति पैलेस निवासी गणेश बंजारा पर दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था. गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक के साथी रोहित सोलंकी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने शुरुआत में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. बाद में गणेश की मौत होने पर प्रकरण में हत्या की धारा बढ़ा दी गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी जोन-4 डॉ. ऋषिकेश मीणा व एडीसीपी दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में अन्नपूर्णा एसीपी शिवेंदु जोशी और चंदन नगर थाना प्रभारी निरीक्षक इंद्रमणि पटेल के नेतृत्व में दो टीमें गठित की की थी. पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय मुखबिरों और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से कुछ ही घंटों में दोनों आरोपियों 20 वर्षीय अभिषेक उर्फ दरबार धाकड़ा निवासी ग्राम भोनखेड़ी, जिला हरदा, हाल मुकाम शिरपुर काकड़ और 16 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल खटकेदार चाकू भी बरामद किया है. पुलिस अब घटना के कारणों की गहराई से जांच कर रही है. प्रारंभिक पूछताछ में आपसी रंजिश की आशंका जताई गई है.

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मां-बेटे को मारी टक्कर, महिला की मौत

**इंदौर. शहर के बाहरी इलाके शिप्रा बायपास पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी. हादसे में 50 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है. पुलिस ने लापरवाह कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

हादसा बुधवार को मांगलिया स्थित कासलीवाल फार्म हाउस गेट के पास हुआ. मृतका की पहचान नर्मदाबाई पति जसवंत दतोदिया निवासी मांगलिया के रूप में हुई है. वहीं, उनका बेटा प्रदीप दतोदिया हादसे में घायल हुआ है जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया. प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह बाइक से मां को लेकर जा रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार कार नम्बर यूपी 32 एनजे ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां-बेटे दोनों सड़क पर गिर गए. मौके पर ही नर्मदाबाई की मौत हो गई जबकि प्रदीप को गंभीर चोटें आई. पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर उत्तर प्रदेश पासिंग कार के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और गैर इरादतन हत्या की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है.

# चलती ट्रेन से फिसली महिला, प्लेटफॉर्म में फंसी

- जीआरपी-रेलवे स्टाफ ने सूझबूझ से बचाई जान
- हैमर मशीन से प्लेटफॉर्म काटकर निकाली गई महिला



**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** अशोक नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब चलती ट्रेन से फिसलकर एक महिला यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गई. घटना के बाद मौके पर मौजूद जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. महिला को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

हादसा उस समय हुआ जब लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस अशोक नगर स्टेशन से रवाना हो रही थी. इसी दौरान 30 वर्षीय महिला यात्री, निवासी मैन मार्केट, अलीगढ़ राजस्थान, पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी. ट्रेन चलने लगी तो वह दोबारा चढ़ने का प्रयास कर रही थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच की खतरनाक संकरी जगह में फंस गई. मौके पर मौजूद यात्रियों ने तुरंत चैन पुलिंग कर ट्रेन को रोका और शोर मचाया. सूचना मिलते ही जीआरपी अशोक नगर, आरपीएफ और रेलवे स्टाफ तेजी से मौके पर पहुंचे. इसी दौरान जीआरपी में पदस्थ आरक्षक अभिषेक ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बाजार से तुरत रूप से हैमर ड्रिल मशीन मंगवाई. इसके बाद रेलवे के तकनीकी कर्मचारियों ने सावधानीपूर्वक प्लेटफॉर्म को काटना शुरू किया. कुछ ही देर में महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. रेस्क्यू के बाद महिला को प्राथमिक उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया. डॉक्टरों के अनुसार, महिला को सतही चोटें आई हैं और वह अब खतरे से बाहर है.

**सतर्कता और ट्रेनिंग का नतीजा**

जीआरपी इंचार्ज ने कहा कि, यह हमारे कर्मचारियों की सतर्कता और ट्रेनिंग का नतीजा है कि समय रहते महिला की जान बचाई जा सकी. रेलवे अफसरों ने भी कहा कि यह घटना आपात स्थितियों में विभागीय समन्वय और मानवीय दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है.

# धर्मांतरण के आरोप में हंगामा, पत्रकार और युवतियों से मारपीट

- पुलिस ने भीड़ से बचाकर सभी को निकाला
- प्रेस क्लब में हुई घटना, मामले की जांच शुरू






**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के प्रेस क्लब में गुरुवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रेस प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे युवकों और युवतियों के साथ मारपीट कर दी. विवाद धर्म परिवर्तन के आरोपों को लेकर हुआ. मारपीट का शिकार हुए लोगों में एक स्थानीय पत्रकार भी शामिल है.

प्रेस क्लब में पत्रकार सौरभ बनर्जी अपने आठ साथियों जिसमें युवतियां भी शामिल थीं, के साथ किसी सामाजिक मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे थे. तभी बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और धर्मांतरण के आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया. देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई और युवक-युवतियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट होने लगी. मीडियाकर्मियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करने की कोशिश की. इसी दौरान सूचना पर सेंट्रल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला. पुलिस प्रेस क्लब से सभी नौ लोगों को थाने लेकर जा रही थी, लेकिन रास्ते में बजरंग दल के कार्यकर्ता फिर आ पहुंचे. बताया गया कि एक अखबार के दफ्तर के पास देवास पुलिस भी मौके पर आ गई थी और वह सौरभ बनर्जी सहित अन्य लोगों को देवास ले जाने की तैयारी कर रही थी. तभी दो दर्जन से ज्यादा बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सौरभ का नाम पूछते ही सभी को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी. कुछ लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ताओं ने उन्हें पकड़कर पीटा और एक युवक का मुंह भी काला कर दिया. हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने सभी को अपनी गाडियों में बैठाया और देवास रवाना कर दिया.

**देवास के जंगलों में धर्मांतरण का आरोप-** बजरंग दल के विभाग संयोजक अविनाश कौशल का कहना है कि देवास के जंगलों में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हो रहा है. सौरभ बनर्जी और उनके साथी इसी सिलसिले में इंदौर आए थे. हमने समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमें धमकाना शुरू कर दिया. इन लोगों पर युवतियों को ईसाई धर्म में शामिल कराने के प्रयास का आरोप है. वहीं सौरभ बनर्जी ने बताया कि वे और उनकी टीम किसी धर्मांतरण से जुड़े नहीं हैं. वे एक सामाजिक मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए थे. मारपीट और आरोप पूरी तरह निराधार हैं.

**शिकायत पर करेंगे वैधानिक कार्रवाई**

इस पूरे घटनाक्रम पर सेंट्रल कोतवाली थाना प्रभारी अमित सिंह ठाकुर ने बताया, धर्मांतरण को लेकर विवाद की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंचकर युवकों और युवतियों को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला. किसी तरह की गंभीर चोट की सूचना नहीं है. मामले में जांच की जा रही है, और यदि किसी पक्ष की ओर से शिकायत आती है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# कांवड़ यात्रा की संयोजिका को टैंकर ने रौंदा, मौके पर मौत

**इंदौर. कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का काफिला उस समय मातम में बदल गया जब एक महिला संयोजिका को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया. हादसा एबी रोड स्थित मानपुर के समीप उस समय हुआ जब महिला श्रद्धालु सड़क किनारे चल रही थी. ओवरटेक करने के दौरान लापरवाह टैंकर चालक ने महिला को चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई.**

मृतका की पहचान 27 वर्षीय ममता बागवान पति धर्मेन्द्र, निवासी प्रीमियम पार्क, बाणगंगा के रूप में हुई है. वह आदर्श कांवड़ यात्रा की संयोजिका थी और इंदौर से करीब 15 श्रद्धालुओं के साथ महेश्वर से जल लेकर उज्जैन की ओर जा रही थी. जैसे ही यात्रियों का जत्था मानपुर के समीप पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे टैंकर नम्बर आरजे 09 टी 8951 ने ओवरटेक करते समय महिला को रौंद दिया. पहिए के नीचे आने से ममता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई. साथी श्रद्धालुओं ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी. पुलिस ने टैंकर जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. घटना के बाद यात्रा को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा. श्रद्धालुओं और परिजनों में शोक की लहर है.

# नकली हथियार से फैला रहा था दहशत

- सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराकर रील बनाने वाला गिरफ्तार
- पुलिस की तत्परता से मिली सफलता



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराकर दहशत फैलाने की कोशिश करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी बीएसएनएल कार्यालय के पीछे पिस्टल जैसी वस्तु दिखाकर लोगों को धमका रहा था. सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर उसे धर दबोचा.**

आरोपी की पहचान पियुष पिता श्रीराम शर्मा, निवासी 1060, स्कीम नं. 71 के रूप में हुई है. पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह पिस्टलनुमा लाइटर जेल रोड से खरीदा था और इंस्टाग्राम पर रील बनाने के लिए इस्तेमाल करता था ताकि वह अपने आसपास के लोगों पर रौब जमा सके. इस संबंध में एसीपी अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी द्वारा सोशल मीडिया पर डर फैलाने वालों के खिलाफ सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए थे. उसी के पालन में थाना प्रभारी सुशील पटेल के मार्गदर्शन में टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की. पुलिस ने आरोपी पियुष के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे एसीपी कोर्ट अन्नपूर्णा में पेश किया. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने पूर्व में इस तरह की कोई अन्य वीडियो तो सोशल मीडिया पर अपलोड नहीं की है.

**समस्या** मामला वार्ड 40 के कर्बला मैदान के पास की कॉलोनी का

# फूटी टंकी पर निर्भर रहवासी, नहीं हो रही पानी की पूर्ति



**इंदौर. शहर में कई हिस्सों में पानी के लिए आज भी लोगों को मशक्कत करनी पड़ती है. कही नर्मदा लाईन नहीं है तो कही बोरिंग खराब पड़े रहते है. कुछ क्षेत्रवासी तो पानी की टंकी से पानी भरते नज़र आते है.**

पानी की सप्लाई को लेकर एक मामला वार्ड क्रमांक 40 में देखने को मिला है. इस वार्ड का कुछ हिस्सा खजराना गांव के पीछे पड़ता है, जहां करबला मैदान है. इसी के ठीक पीछे क्षेत्र में सैकड़ों मकानों की आबादी है. यहां पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है. पानी की पूर्ति के लिए क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर पानी की काली सरकारी टंकी रख दी गई है. बोरिंग या फिर पानी के टैंकर से इस टंकी को भर दिया जाता है. रहवासी टंकी पर पहुंचकर पानी भरकर घर ले जाते हैं. हर घर नल योजना के होने के बावजूद नगर निगम आज भी लोगों को इस तरह पानी वितरण कर रहा है. इतना ही नहीं निगम की लापरवाही में यह भी देखने को मिला है कि क्षेत्र वासियों को जिस काली टंकी का सहारा है वहां कई स्थान से फूटी हुई है जिससे आधा पानी तो यूं ही बह जाता है और लोगों को पानी कम मिल पाता है.

**इनका कहना है...**



बोरिंग से टंकी भर दी जाती है लेकिन पानी की टंकी नीचे से फूटी हुई है. जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता और रहवासी पानी के लिए परेशान होते हैं. कई बार शिकायत की लेकिन अधिकारी नहीं सुनते.

**- ओम प्रकाश**



क्षेत्र में बोरिंग है वह भी दूर है. उसकी लाइन क्षेत्र के घरों तक नहीं दी है. ऐसे में लोगों को टंकी तक जाना पड़ता है. दूसरे क्षेत्रों में जाकर देखो योजना का लाभ दिया जा रहा है.

**- बाबू लाल**



किसी भी कार्य के लिए क्षेत्र पार्षद को कहने पर वह पूरा सहयोग करते हैं. पानी की परेशानी के लिए भी हम आग्रह करते हैं कि घरों-घर बोरिंग की लाईन दे दी जाए ताकि क्षेत्र की महिलाओं को सुविधा मिल सके.

**- सुमित्रा बाई**



**टंकी बदलाई जाएगी-** वार्डवासियों की सुविधा के लिए मैंने अपने क्षेत्र में सबसे ज्यादा बोरिंग करवाए हैं. कर्बला के पीछे क्षेत्र से पानी की समस्या मेरे पास आ चुकी है. क्षेत्र में बोरिंग की लाईन डाली जाएगी और टंकी भी बदलाई जाएगी.

**- पुष्पेंद्र पाटिदार पार्षद**